केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

दिनांक: 13 मई 2025

**प्रेस प्रकाशनी**

**सीबीएसई की कक्षा 10वीं/12वीं के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा परिणाम उपरांत वार्षिक मनो-सामाजिक परामर्श प्रारंभ हुई**

सीबीएसई परीक्षाओं के समय कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित मनो-सामाजिक परामर्श (प्रथम चरण) के क्रम में, अब छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए सीबीएसई की दूसरे चरण की नि:शुल्क परामर्श सेवाएं (परिणामोपरांत) प्रारंभ की जा रही हैं, जो अगले 15 दिनों तक, अर्थात 28 मई 2025 तक उपलब्ध रहेंगी। इस पहल का उद्देश्य छात्रों और अभिभावकों को परिणाम के बाद होने वाले तनाव और चिंता को दूर करने में सहायता प्रदान करना है।

दूसरे चरण में 65 योग्य विशेषज्ञों की एक टीम शामिल है, जिनमें से 51 भारत से और 14 विदेशों से हैं। इसमें भारत एवं विदेशों के सीबीएसई से संबद्ध सरकारी एवं निजी स्कूलों के प्रधानाचार्य, प्रशिक्षित काउंसलर, विशेष शिक्षक, और मनोवैज्ञानिक स्वैच्छिक आधार पर दूरस्थ टेली-काउंसलिंग सहायता प्रदान कर रहे हैं।

छात्र और अभिभावक भारत में कहीं से भी टोल-फ्री नंबर 1800-11-8004 पर कॉल करके इस परामर्श हेल्पलाइन का लाभ उठा सकते हैं। टेली-काउंसलिंग के अतिरिक्त, इस टोल-फ्री नंबर पर केंद्रीकृत सहायता उपलब्ध होगी जहाँ आईवीआरएस प्रणाली के माध्यम से उपयोगी जानकारी और परिणाम से जुड़े तनाव से निपटने के व्यावहारिक सुझाव भी प्रदान किए जाएंगे।

इस बारे में और अधिक मार्गदर्शन और संसाधनों के लिए सभी हितधारकों को सीबीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध 'Counselling' लिंक https://www.cbse.gov.in/cbsenew/Counselling_pr.html और यूट्यूब लिंक https://www.youtube.com/@cbsehq1905 देखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

हस्ता/-
**सचिव, सीबीएसई**